हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, रविवार, मई 11, 2025

तापमान
अधिकतम 37 .0 डिग्री
न्यूनतम 23 .7 डिग्री

12 श्री काली देवी विद्या मंदिर में भाषणों कविताओं...




12 अग्रोहा टीला न सिर्फ अग्रवाल समाज बल्कि पूरे हरियाणा...



खबर संक्षेप

### नवनियुक्त मंडलायुक्त का किया अभिनंदन

**हिसार।** सामाजिक संस्था सजग के पदाधिकारियों ने नवनियुक्त हिसार मंडलायुक्त अशोक गर्ग को पौधा भेंट कर अभिनन्दन करते हुए उन्हें उनके नए पदभार ग्रहण करने पर शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर संस्था के प्रतिनिधियों ने मंडलायुक्त से क्षेत्र के सामाजिक सरोकारों, विकास कार्यों एवं शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर सार्थक चर्चा की। संस्था सजग के प्रदेशाध्यक्ष वास्तु आर्किटेक्ट सत्यपाल अग्रवाल के नेतृत्व में प्रवक्ता रतन बंसल खेड़ा वाले एवं महिला विंग प्रभारी प्रीति लव मित्तल ने क्षेत्र में विकास की संभावनाओं, सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और प्रशासनिक समन्वय जैसे मुद्दों पर मंडल आयुक्त से संवाद किया।

### अंडर-19 व अंडर-16 क्रिकेट टीम के लिए 13 को ट्रायल

**हांसी।** हरियाणा क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता अंडर-19 व अंडर-16 के लिए ट्रायल हिसार जिले में 13 मई को सुबह 8 बजे ईलाइट क्रिकेट एकेडमी सिद्धार्थ इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित किए जाएंगे। यह क्रिकेट प्रतियोगिता हरियाणा क्रिकेट एसोसिएशन के नियमों व मापदंडों द्वारा करवाई जाएगी। हरियाणा क्रिकेट संघ के सदस्य एवं हिसार जिला क्रिकेट संघ के सचिव संजय शर्मा ने बताया ने बताया कि खिलाड़ियों का चयन भी हरियाणा क्रिकेट संघ द्वारा निर्धारित चयनकर्ता द्वारा होगा। जो खिलाड़ी ट्रायल में हिस्सा लेना चाहते है वह अपने साथ अपना मूल जन्म प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड साथ लेकर आएं तथा सभी खिलाड़ियों का सफेद वर्दी में आना अनिवार्य होगा।

### दो उद्धघोषित आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़े

**हांसी।** जिला भर में उद्धघोषित अपराधी व बेल जंपर के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पीओ स्टाफ हांसी पुलिस ने अलग-अलग मामलों में उद्धघोषित दो आरोपी उमरा निवासी मुख्तयार व सिसाय निवासी अक्षय गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए आरोपी मुख्तयार को चेक बाउंस व अक्षय को थाना शहर हांसी में दर्ज चोरी के एक मामले में उद्धघोषित आरोपी करार दिया हुआ था।

### गुजवि ने परीक्षा परिणाम किए घोषित

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न विषयों के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए हैं। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक प्रो. यशपाल सिंगला ने बताया कि दिसम्बर 2024 में आयोजित बीएससी कंप्यूटर एप्लीकेशंस कोर्स कोड-232 तृतीय सेमेस्टर (रिअपीयर व मेन) बैच 2022 व 2023, बीएससी इलेक्ट्रोनिक्स कोर्स कोड-234 तृतीय सेमेस्टर (रिअपीयर व मेन) बैच 2022 व 2023, बीएससी मेडिकल विद बायोटेक्नोलॉजी कोर्स कोड-236 तृतीय सेमेस्टर (रिअपीयर व मेन) बैच 2022 व 2023 का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया है।

## कबाड़ की दुकान में रखे सीएनजी सिलेंडर में धमाका, दो घायल

# धमाके के बाद 100 फीट दूर मकान की छत पर गिरा सिलेंडर, लोगों में अफरा-तफरी मची

हरिभूमि न्यूज ▸▸| हांसी

तोशाम रोड पर शनिवार सुबह एक कबाड़ की दुकान में रखे सीएनजी सिलेंडर में धमाका हो गया। धमाके के बाद सीएनजी सिलेंडर दुकान के शेड को तोड़ते हुए उछलकर पास के एक मकान की छत पर जा गिरा। सिलेंडर फटने से शेड के नीचे काम कर रहे दो लोग घायल हो गए, जिन्हें आस-पास के लोगों ने उपचार के लिए तुरंत एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं अचानक हुए से तोशाम रोड़ व ऑटो मार्केट के दुकानदारों व राहगीरों में अफरा-तफरी मच गई और लोग इधर-उधर दौड़ते नजर आए। कबाड़ की दुकान में विस्फोट की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच स्थिति का जायजा लिया किसी प्रकार की जान-माल का नुकसान नहीं होने पर दुकान मालिक राजकुमार को सीएनजी सिलेंडर को अच्छे से चैक कर दुकान में रखने चेतावनी दी।

ऑटो मार्केट में कबाड़ का काम करने राजकुमार ने बताया कि वह पुरानी गाड़ियों का कबाड़ खरीदने का काम करता है। कबाड़ में खरीदी गई गाड़ियों से निकाले गए सीएनजी सिलेंडर उसकी दुकान पर रखे हुए थे। राजकुमार ने बताया कि उन्हें लगा कि गाड़ियों से निकाले गए सीएनजी सिलेंडर खाली है लेकिन एक सिलेंडर में कुछ गैस बाकी थी। गर्मी की वजह से अचानक उसमें विस्फोट हो गया। विस्फोट की आवाज दूर तक सुनाई दी जिसके चलते आस-पास के लोग दहशत में आ गए। उन्होंने बताया कि विस्फोट के दौरान दुकान में काम कर रहा थुराना निवासी मोनू व उसे चोटें आई हैं। राजकुमार ने बताया कि विस्फोट के सिलेंडर दुकान के शेड को तोड़ता हुआ करीब 100 फीट दूर एक मकान की दूसरी मंजिल की छत पर जा गिरा, जिससे मकान की छत तथा छत के उपर बनी दीवार टूट गई। दीवार टूटने से काफी ईंटें पास के मकान के आंगन में जा गिरी। लेकिन गनीमत रही कि छत की उस वक्त घर के आंगन में घर का कोई सदस्य मौजूद नहीं था अन्यथा हादसा बड़ा हो सकता था।




हांसी। सीएनजी सिलेंडर में विस्फोट के बाद बिखरा पड़ा मलबा व सीएनडी सिलेंडर में हुए धमाके के बाद क्षतिग्रस्त दुकान का शेड। फोटो :हरिभूमि

### छत में लगा पत्थर टूटने से नीचे गिरा मजदूर, घायल

**हांसी।** हांसी भिवानी रोड़ स्थित मिलकपुर गांव में मकान की छत तोड़ने के दौरान छत में लगा पत्थर टूटने से एक मजदूर के छत से नीचे गिर कर एक मजदूर के घायल होने के मामला प्रकाश में आया है। घायल मजदूर को मकान मालिक द्वारा उपचार के लिए हांसी के नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया गया है जहां उसका उपचार किया जा रहा है।

नागरिक अस्पताल में उपचाराधीन हाजमपुर निवासी 34 वर्षीय मंगत राम ने बताया कि वह मजदूरी का काम करता है तथा उसने मिलकपुर निवासी डॉ विजय के मकान को तोड़ने का ठेका लिया हुआ था और शनिवार सुबह 11 बजे के करीब वह अपने गांव के अन्य मजदूर के साथ मकान की छत पर लगे पत्थर हटाने का काम कर रहा था कि इस दौरान उसके पांव रखते ही छत में लगा पत्थर टूट गया और पत्थर टूटने के चलते उसका संतुलन बिगड़ गया और वह पत्थर के साथ ही छत से जमीन पर आ गिरा जिससे उसके हाथ पांव व कमर में चोटें आई हैं।



हांसी। कार के शीशे पर लगी ब्लैक फिल्म को उतारते ट्रैफिक वाहन इंटरसेप्टर इंचार्ज खुर्शीद आलम। फोटो :हरिभूमि

### ब्लैक फिल्म लगी कार का पुलिस ने किया 25 हजार का चालान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| हांसी

विशेष अभियान के दौरान हांसी यातायात पुलिस ने रामायण टोल प्लाजा के पास वाहनों की चैकिंग के दौरान ब्लैक फिल्म लगी गाड़ी का ट्रैफिक वाहन इंटरसेप्टर इंचार्ज खुर्शीद आलम ने मोटरवाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए 25000 रुपये का चालान कर कार को इंपाउंड कर लिया। कार का चालान कर इंपाउंड करने से पहले ट्रैफिक पुलिस हांसी द्वारा कार के शीशों पर लगी ब्लैक फिल्म उतारी गई और उसके बाद कार का चालान कर कार के दस्तावेज उपलब्ध नहीं करवाए जाने पर उसे इंपाउंड किया गया। पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने बताया है कि गाड़ी के शीशों पर ब्लैक फिल्म लगाना यातायात नियमों के खिलाफ है, जिसके लिए हरियाणा पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया गया है। इस संबंध में यातायात पुलिस व थाना प्रबंधकों तथा चौकी प्रभारियों को आदेश दे दिए गए हैं। अगर कोई भी वाहन चालक अपनी गाड़ी पर ब्लैक फिल्म लगाए हुए मिलता है तो उसके खिलाफ मोटरवाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए चालान किया जाए।

### मुंढाल में लड़की ने पी कीटनाशक मिली लस्सी बच्चे ने डाल दी थी गेहूं में रखने वाली गोलियां

**हांसी।** भिवानी जिले के गांव मुंढाल में एक लड़की द्वारा गलती से कीटनाशक मिली लस्सी पी लिए जाने का मामला सामने आया। घर में खेल रहे बच्चे ने गलती से गेहूं में डालने वाली कीटनाशक गोलियां लस्सी के गिलास में डाल दी। कुछ देर बाद खाना खाने के लिए आई 16 वर्षीय लड़की ने उस लस्सी को पी लिया। और खाना खाने के कुछ देर बाद जब युवती की तबीयत बिगड़ने तो आनन फानन में लड़की के माता पिता उसे उपचार के लिए हांसी के नागरिक अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद लड़की की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे हिसार के लिए रेफर कर दिया गया। जहां उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। नागरिक अस्पताल में मौजूद लड़की के पिता ने बताया कि वे गांव मुंढाल खुर्द के रहने वाले हैं। उन्होंने कुछ दिन पहले गेहूं में रखने के लिए कीटनाशक गोलियां खरीदी थी। उन्होंने इन गोलियों को घर में सुरक्षित स्थान पर रखा हुआ था। लेकिन घर में खेल रहे छोटे बच्चे ने कैसे इन गोलियों को उठा लिया और उसके बाद कैसे लस्सी में डाल दिया उसके बारे में उन्हें कोई जानकारी नहीं।

दुकानदारों में मची अफरातफरी

## मॉडल टाउन और रेड स्क्वेयर मार्केट से हटवाया अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| हिसार

शहर में अतिक्रमण करने वाले पर नगर निगम प्रशासन की सख्ती लगातार जारी है। शनिवार को निगम की टीम ने मॉडल टाउन तथा रेड स्क्वेयर मार्केट में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया।

निगम की कार्रवाई के चलते कब्जाधारियों में हड़कंप मच गया और वे अपना-अपना सामान व रेहड़ियां लेकर इधर-उधर खिसकने लगे। तहबाजारी इंचार्ज सुरेन्द्र शर्मा ने बताया शनिवार को टीम के द्वारा दिल्ली रोड मॉडल टाउन और रेड स्क्वेयर मार्केट से अतिक्रमण हटवाया गया। इस दौरान तहबाजारी टीम द्वारा मुनादी करके अतिक्रमण न करने की अपील की जा रही है। तहबाजारी टीम के इंचार्ज सुरेंद्र शर्मा के अनुसार सिरसा चुंगी से लेकर जिन्दल पुल तक रोड पर अतिक्रमण नहीं था।



हिसार। खोखा को उठाकर लेकर जाती निगम की टीम। फोटो : हरिभूमि

### गली में पटाखे बजाने से रोका तो चार युवकों ने बर्फ तोड़ने वाले सुए से किया हमला

**नारनौंद।** कस्बे के वार्ड नंबर एक में कुछ युवक पटाखे बजा रहे थे। जब एक युवक ने उनको रोकना चाहा तो उन्होंने बर्फ तोड़ने वाले सुए से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने इस मामले में चार युवकों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। नारनौंद के वार्ड नंबर एक निवासी बिजेंद्र ने बताया कि वह हिसार में एक फैक्ट्री में कार्य करता है। पांच मई को वह अपने घर आया हुआ था और अपने परिवार के घर पर बैठे हुए थे कि गली में कुछ शरारती तत्व पटाखें फोड़ रहे थे और हुड़दंग बाजी भी कर रहे थे। बाहर आकर देखा तो नारनौंद के ही विशाल, रोहित, आकाश ये काम कर रहे थे। जब उनसे कहा कि वे यहां से कही दूर चले जाए तो उन्होंने मेरे साथ गाली गलौज करके मार पिटाई करनी शुरू कर दी। मैं अपना बचाव करते हुए वहां से भाग कर घर आ गया। वे भी मेरा पीछा करते हुए घर पर आ गए। फिर घर में घुसकर मार-पिटाई करने लगे। आरोप है कि एक अज्ञात को साथ लेकर उन्होंने सुए से हमला कर दिया। चिल्लाने की आवाज सुनकर वहां पर काफी भीड़ आ गई। भीड़ को देखकर वह चारों दो मोटरसाइकिलो पर सवार होकर वहीं से भाग गए। तुरंत ही हम तीनों को इलाज के लिए नारनौंद के सरकारी हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया। इसकी सूचना पुलिस को दी पुलिस ने विजेंद्र के बयान पर चारों युवकों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया। इस संबंध में जांच अधिकारी कुलदीप ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है। जल्द ही चारों आरोपितों को पकड़ लिया जाएगा।

### मरम्मत के चलते आज बिजली रहेगी बाधित

**हिसार।** रविवार को 33 केवी ऑटो मार्केट पावर हाउस में आवश्यक मेंटेनेंस कार्य किया जाना है, जिस कारण सुबह 7 बजे से लगभग 10 बजे के आसपास तक यहां से चलने वाले सभी 11 केवी फीडर्स की सप्लाई बाधित रहेगी। इस दौरान दिल्ली गेट, सिटी थाना, नागोरी गेट, डॉक्टर हॉट लाइन, डीएन चौक, बीकानेर चौक, तलाकी गेट फीडर एरिया प्रभावित रहेगा। निगम के अनुसार तकनीकी कार्य के दौरान कभी दिए गए समय से अधिक समय भी लग जाता है यदि ऐसा होता है तो आपका सहयोग अपेक्षित है।

# पानी से परेशान महिलाओं का मटका फोड़ प्रदर्शन

## विभाग पर समस्या का समाधान नहीं करने का आरोप

- लंबे समय से पेयजल की किल्लत से जूझ रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| आदमपुर

पिछले लंबे समय से पेयजल किल्लत से परेशान क्षेत्र के लोगों खासकर महिलाओं के सब्र का बांध टूट गया। शनिवार को परेशान महिलाओं ने मटका फोड़ प्रदर्शन किया तथा जनस्वास्थ्य विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। महिलाओं ने चेतावनी दी कि प्रशासन ने समस्या का समाधान नहीं किया तो वे डीसी कार्यालय पर मटके लेकर प्रदर्शन करेंगी। इससे पूर्व प्रदर्शन में शामिल शिव कॉलोनी निवासी विमला, सीता, कमला, गीता, मोहिनी, सरस्वती का कहना था कि पिछले लंबे समय से उन्हें पेयजल किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। जब से पानी की पाइप लाइन बदली जा रही है घरों में पानी नहीं पहुंच रहा है जिसके चलते उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है रहा है। इसके अलावा कभी गंदा पानी तो कभी सीवरेज का पानी सप्लाई के साथ मिक्स होकर आ रहा है। कभी-कभी तो पानी की सप्लाई भी नहीं आती। इसी तरह कॉलेज रोड खीचड़ कॉलोनी की राजबाला, रेखा, ममता, पिंकी, संतोष आदि महिलाओं ने चेतावनी दी कि अगर पानी सप्लाई व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तथा स्वचछ पानी उपलब्ध नहीं करवाया गया तो वे जिला उपायुक्त कार्यालय पर मटका लेकर प्रदर्शन करने जाएंगी।



आदमपुर। पानी की समस्या को लेकर प्रदर्शन करते शिव कॉलोनीवासी।



## खबर संक्षेप

### हत्या प्रयास मामले का चौथा आरोपी गिरफ्तार

**हांसी।** थाना सदर हांसी पुलिस ने हत्या प्रयास मामले में आरोपी कंवारी निवासी अमित को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को न्यायालय में पेश करके न्यायालय के आदेशानुसार जेल भेज दिया।



पुलिस प्रवक्ता के अनुसार विकास उर्फ विक्की ने अपने दोस्तों के साथ मिलकर 3 मार्च को अपने बेटे से स्कूल में मिलने आई पत्नी व साली को जान से मारने की नियत से उन पर गोलियां चला दी थी। जिसमें आरोपी भी साथ और गोली चलाने के बाद आरोपी मुख्य आरोपियों को मोटरसाइकिल पर बैठाकर ले गया था।

### खजांचियान बाजार में चोरी का प्रयास, एसपी से गुहार

**हिसार।** सूरज मार्केट स्थित खजांचियान बाजार में एक ज्वैलरी की दुकान से चोरी करने की कोशिश किए जाने का समाचार है। दुकानदारों ने एसपी को शिकायत दी। चंदन सोनी, संदीप, गणेश और राजेंद्र ने कहा कि शुक्रवार को दो चोरों ने बाजार में शिवम आभूषण भंडार, आरडी ज्वैलर्स, अनिल ज्वैलर्स सहित अन्य दुकानों पर शटर उखाड़कर चोरी करने की कोशिश की लेकिन वे सफल नहीं हो पाए। चौकीदार मौके पर पहुंच गया था, जिससे चोर भाग निकले। दोनों चोर सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गए हैं। उन्होंने पुलिस से मांग की कि जल्द आरोपियों को गिरफ्तार करने और रात को एक पुलिस राइडर की ड्यूटी लगाई जाए ताकि बाजार में होने वाली चोरी की घटनाओं पर रोक लगाई जा सके।

### चेक बाउंस में आर्किटेक्ट को हर्जाना देने के आदेश

**हिसार।** जुडिशियल मैजिस्ट्रेट फर्स्ट क्लास की अदालत ने शहर के नामी आर्किटेक्ट अर्बन एस्टेट निवासी अनुज मल्होत्रा को चेक बाउंस होने के मुकदमे में तीन लाख पच्चीस हजार रुपये की राशि हर्जाना सहित देने के साथ दोषी को एक महीने का कारावास भी सुनाया है। अदालत में चले अभियोग के अनुसार आर्किटेक्ट अनुज मल्होत्रा ने राजगुरु मार्केट निवासी रवि महता एडवोकेट से 20 दिसम्बर 2017 को दो लाख पचास हजार रुपये का कर्ज लिया हुआ था। इसकी अदायगी के लिए उसने अढ़ाई लाख रुपये का चेक दिया था। बैंक में चेक लगाने पर चेक बाउंस हो गया।

### जेबीटी शिक्षक के साथ 3.70 लाख की धोखाधड़ी

**हिसार।** पुलिस ने एचडीएफसी लाइफ इंशोरेंस करने वाले युवक रमेश कुमार ताखर निवासी बालसमंद पर धोखाधड़ी का केस दर्ज किया। उस पर गांव बालसमंद गांव में रहने वाले जेबीटी शिक्षक सुंदर सिंह ने रमेश कुमार पर 3 लाख 70 हजार रुपये हड़पने का आरोप लगाया है।

## मातृ दिवस पर जिलेभर में कार्यक्रमों की रही धूम, कहीं प्रतियोगिता तो कहीं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन

# श्री काली देवी विद्या मंदिर में भाषणों कविताओं व नृत्य से प्रकट की श्रद्धा

### ओम इंटरनेशनल स्कूल पीसीएसडी व एलडीएसडी पब्लिक स्कूल में कार्यक्रमों का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी



**हांसी।** श्री काली देवी स्कूल में मातृ दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते स्कूली बच्चे फोटो : हरिभूमि

श्री काली देवी विद्या मंदिर में मातृ दिवस के उपलक्ष्य में एक भावपूर्ण एवं हृदयस्पर्शी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विशेष प्रार्थना सभा से हुई, जिसमें विद्यार्थियों ने कविताओं, भाषणों, नृत्यों एवं लघु नाटकों के माध्यम से मां के प्रति अपनी श्रद्धा व कृतज्ञता को अभिव्यक्त किया।

सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के उपरांत विद्यालय प्रांगण विविध सृजनात्मक गतिविधियों का साक्षी बना। कक्षा नर्सरी, एलकेजी एवं केजी के नन्हे- मुन्ने विद्यार्थियों ने अपनी निश्छल वाणी में मातृवंदना से परिपूर्ण कविताएं प्रस्तुत कीं। कक्षा पहली व दूसरी के विद्यार्थियों ने रंग-बिरंगे कागजों से सजीव पुष्पों की रचना की।

कक्षा तीसरी व चौथी के विद्यार्थियों ने पर्यावरण अनुकूल सामग्री से आकर्षक ग्रीटिंग कार्ड बनाए, कक्षा पांचवीं व छठी के सृजनशील बच्चों ने सुंदर मुकुट बनाकर मातृत्व के गौरव को नमन किया। कक्षा सातवीं व आठवीं के लिए आयोजित भाषण प्रतियोगिता "मां का संघर्ष, हमारी मुस्कान के लिए" विषय पर आधारित थी, जिसमें विद्यार्थियों ने माँ के त्याग, समर्पण और अथाह प्रेम को सशक्त स्वर प्रदान किया। कक्षा नौवीं व दसवीं के विद्यार्थियों ने भावपूर्ण पत्र लेखन के माध्यम से माँ के प्रति अपनी आत्मीयता, सम्मान एवं संवेदनशीलता को अभिव्यक्त किया।

कक्षा ग्यारहवीं व बारहवीं के विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मक दृष्टि से प्रेरित होकर माँ को समर्पित कलात्मक फोटोग्राफिक कोलाज निर्मित किए। अंत में विद्यालय प्रचार्या गीता मेहता ने अपने प्रेरणाप्रद संबोधन द्वारा विद्यार्थियों को मातृत्व के प्रति श्रद्धा, सेवा और कर्तव्यबोध का वास्तविक अर्थ समझाते हुए उनका सम्मान करने का आह्वान किया।



**हिसार।** मातृ दिवस पर प्रस्तुति देते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### ओम स्कूल में मनाया मातृ दिवस

**हिसार।** ओम इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में मातृ दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय ने विद्यार्थियों की माताओं को आमंत्रित किया, जिससे परिसर मां के स्नेह और बच्चों की खुशी से सराबोर हो उठा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ओम स्टर्लिंग ग्लोबल यूनिवर्सिटी के चांसलर डॉ. पुनीत गोयल और वाइस चांसलर डॉ. पूनम गोयल रहे, जिन्होंने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि ने भी सभी माताओं को मातृ दिवस की हार्दिक बधाई दी और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर स्कूल के विद्यार्थियों ने अपनी माताओं के प्रति अपना प्यार और सम्मान विभिन्न मनोरम , संस्कृति प्रस्तुति के माध्यम से व्यक्त किया। सामूहिक गान, हृदयस्पर्शी नाटक और मनमोहक नृत्यों की प्रस्तुति से सभी उपस्थित लोगों का मन आनंदित हो गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य केएल गोस्वामी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए माता की ममता, त्याग और प्रेम की गहराई को सराहा। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य ने मातृ दिवस के इस पावन अवसर पर सभी माताओं और कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित किया।



प्रतियोगिता मेंदिल्ली पब्लिक स्कूल की टीम।

### डीपीएस की टीम ने अंतर विद्यालय 'झंकार' नृत्य प्रतियोगिता में रही तृतीय, किया सम्मान

**हिसार।** दिल्ली पब्लिक स्कूल की नृत्य टीम ने ओ.पी. जिंदल मॉडर्न स्कूल में आयोजित द्विदिवसीय अंतर विद्यालय नृत्य प्रतियोगिता 'झंकार' में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से सभी का मन मोह लिया और जूनियर वर्ग में तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में हरियाणा के 27 प्रमुख विद्यालयों के प्रतिभाशाली छात्र कलाकारों ने भाग लिया। उल्लेखनीय है कि सीनियर वर्ग में भी दिल्ली पब्लिक स्कूल, हिसार ने प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी पहचान बनाई है। दिल्ली पब्लिक स्कूल, की टीम ने भारतीय सांस्कृतिक धरोहर का जीवंत प्रदर्शन करते हुए मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी ऊर्जावान मुद्राओं, आकर्षक तालमेल और सुंदर वेषभूषा के साथ नृत्य की गहराई और जीवंतता को दर्शाया। विद्यालय प्रधानाचार्या ने मंजु सुधाकर विभागाध्यक्ष दीपक मदान एवं डांस टीचर दीपक सपरा को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि दिल्ली पब्लिक स्कूल, हिसार की नृत्य टीम ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया है कि मेहनत, अनुशासन और सच्चे समर्पण से किसी भी चुनौती को पार किया जा सकता है।

### पीसीएसडी और एलडीएसडी स्कूल में भी कार्यक्रम



**हांसी।** पीसीएसडी व एलडीएसडी पब्लिक स्कूल में शनिवार को मातृ दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में समाजसेविका नीतू जैन व आशु जैन ने कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता दोनों विद्यालयों की सचिव रेणु बंसल व आरजू सिंगला ने की। विद्यालय प्राचार्या उर्मिला शर्मा ने मातृ शक्ति का स्वागत करते हुए कहा मां भले ही पढ़ी लिखी हो या ना हो, पर दुनिया का दुर्लभ व महत्वपूर्ण ज्ञान हमें मां से ही प्राप्त होता है। इस अवसर पर छात्र छात्रों द्वारा अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विद्यालय कै कक्षा 12 वी के छात्र अरुण कुमार ने मां के लिए भावपूर्ण गीत मां तू कितनी अच्छी है, तू कितनी प्यारी है गा कर कार्यक्रम को मां की याद में भाव विभोर कर दिया ।

# सीवर लाइन के कार्य का किया निरीक्षण

- आदमपुर की हर समस्या के समाधान को हैं प्रयासरत : विधायक चंद्रप्रकाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आदमपुर



**आदमपुर।** जनता दरबार में हलकावासियों की समस्याएं सुनते विधायक चंद्रप्रकाश।

विधायक चंद्रप्रकाश ने आदमपुर के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में जनता दरबार आयोजित करके हलकावासियों की समस्याएं सुनी और अधिकतर समस्याओं का मौके पर ही समाधान करवाया। अन्य समस्याओं के निराकरण के लिए अधिकारियों से बातचीत करके निर्देश दिए। इसके उपरांत उन्होंने आदमपुर के क्रांति चौक में चल रहे सीवर लाइन के कार्य का निरीक्षण किया।

विधायक चंद्रप्रकाश ने आदमपुर की शिव कॉलोनी में स्थित ब्राह्मण धर्मशाला में रिटायर्ड कर्मचारी संघ के कार्यक्रम में भी हिस्सा लिया। इस अवसर पर उन्हें पगड़ी पहनाकर और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित भी किया गया। विधायक ने कहा कि 24 घंटे आपके बीच रहकर आदमपुर की हर समस्या के निदान के लिए प्रयासरत हूं। उन्होंने बताया कि आदमपुर के हक की आवाज उन्होंने विधानसभा में भी उठाई है। इस दौरान कृष्ण जगाण, अमरजीत सिंह, केशराज दिनोदिया, भूपेंद्र कासनियां, राजवीर बेनीवाल, सिराजुद्दीन मिर्जा, राजकुमार जांगड़ा, वीर सिंह, कृष्ण राहड़, सजन मित्तल व कृष्ण छिंपा सहित काफी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### गोरखनाथ कॉलेज में श्रद्धांजलि सभा कार्यक्रम

# 'ऑपरेशन सिंदूर' के शहीदों के लिए निकाली भव्य तिरंगा रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



**हिसार।** तिरंगा यात्रा निकालते स्वयंसेवक। फोटो : हरिभूमि

गुरु गोरखनाथ जी राजकीय महाविद्यालय में शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने और 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत देश के वीर सैनिकों को सम्मान देने के उद्देश्य से एक भव्य तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। यह आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विवेक कुमार सैनी के निर्देशन में आयोजित की गई। मीडिया प्रभारी प्रो. मनोज कुमार ने बताया कि इस अवसर पर एनएसएस स्वयंसेवकों, एनसीसी कैडेट्स, महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं और स्टाफ ने पूरे जोश और उमंग के साथ भाग लिया। डॉ. कुमारी सरोज, डॉ. वंदना गोयल, नागेंद्र सिंह तोमर, सुमन रानी, डॉ. रामचंद्र, डॉ. चंद्रकांत, डॉ. जीत बाला, डॉ. ज्योति सहित स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

# मंदबुद्धि महिला को परिवार से मिलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



**हिसार।** महिला को परिजनों के हवाले करते आश्रम के पदाधिकारी व सदस्य।

महिला एवं यूथ उत्पीड़न निवारण मंच की ओर से संचालित हमारा प्रयास मंदबुद्धि महिला अनाथ आश्रम की टीम ने पंजाब के पटियाला की महिला को उसके परिजनों से मिलवाया। यह महिला लगभग 15 माह पहले परिजनों से बिछुड़ गई थी। आश्रम पदाधिकारियों ने बताया कि पटियाला निवासी पूनम पत्नी बिंदा 12 फरवरी 2024 को हिसार रेलवे पुलिस की सूचना के माध्यम से रेलवे स्टेशन से रेस्क्यू करके आश्रम में लाया गया। उसकी लगातार 15 महीना से ही दिमाग की दवाइयां चल रही थी। लंबे प्रयास के बाद अभी पांच दिन पहले ही पूनम ने खुद के व परिवार के बारे में आश्रम पदाधिकारियों को बताया कि वह चार बच्चों की मां है और पति शराब पीने के कारण घर में रोज मार पिटाई करता था जिसकी वजह से झगड़ा करके वह घर से निकल गई थी। आश्रम की टीम से अनिल बागड़ी द्वारा डायल 112 के इंचार्ज इंस्पेक्टर जसपाल खेर, चंडीगढ़ पुलिस से पूनम बारे में बातचीत की। दो दिन के लगातार प्रयास से पूनम के परिवार के बारे में पता चल गया। आश्रम की टीम व डायलॉग 112 के इंचार्ज जसपाल खेर व चंडीगढ़ पुलिस के प्रयासों से पूनम उर्फ राज को आश्रम की टीम ने उसके परिवार के सुपुर्द किया।

# जिंदल स्टेनलेस ने जारी किए वित्तीय परिणाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



जिंदल स्टेनलेस लिमिटेड (जेएसएल) के निदेशक मंडल ने 31 मार्च, 2025 को समाप्त तिमाही व वित्तीय वर्ष के वित्तीय परिणाम घोषित किए। कंपनी ने 23,73,070 टन की बिक्री दर्ज की, जो वित्त वर्ष 2024 की तुलना में 9 प्रतिशत अधिक है। एकल आधार पर, शुद्ध राजस्व में सालाना आधार पर 5 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो 40,182 करोड़ रुपये रहा। वित्त वर्ष 2025 में एबिट्ड 3,905 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वर्ष की तुलना में 3 प्रतिशत कम है, जबकि कर पश्चात लाभ 2,711 करोड़ रुपये रहा, जिसमें साल दर साल 7 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। निरंतर और मज़बूत घरेलू मांग की वजह से, चौथी तिमाही वित्त वर्ष 25 में बिक्री मात्रा बढ़कर अब तक के सर्वोच्च स्तर 6,42,641 टन पर पहुंच गई, जो साल दर साल 13 प्रतिशत की वृद्धि है। इस दौरान एकल शुद्ध राजस्व 13 प्रतिशत बढ़कर 10,786 करोड़ रुपये हो गया, जबकि एबिट्ड में भी पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। वित्त वर्ष 2025 में स्टेनलेस स्टील की घरेलू मांग में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई। प्रबंध निदेशक अभ्युदय जिंदल ने कहा कि पिछला वित्तीय वर्ष हमारे लिए एक अहम साल रहा, जिसने हमारे घरेलू बाज़ार में मज़बूत स्थिति बनाने और आपूर्ति श्रृंखला को बेहतर बनाने का लक्ष्य पूरा किया। इंडोनेशिया में हमारी एनपीआई सुविधा का जल्दी चालू होना, क्रोमेनी स्टील्स का पूरी तरह अधिग्रहण करना है।




## पूर्व मंत्री ने किया अग्रोहा टीले का दौरा, पुरातात्विक उत्खनन कार्य का लिया जायजा

# अग्रोहा टीला न सिर्फ अग्रवाल समाज बल्कि पूरे हरियाणा व देश की ऐतिहासिक धरोहर : डॉ. गुप्ता

### अपने इतिहास को जानने और समझने का अवसर मिलेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



**हिसार।** अग्रोहा टीले पर उत्खनन कार्य का जायजा लेते पूर्व मंत्री डॉ. कमल गुप्ता।

पूर्व मंत्री व भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ. कमल गुप्ता ने ऐतिहासिक अग्रोहा टीले का दौरा किया। इस अवसर पर उनके साथ पार्टीजन भी साथ रहे। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग (एएसआई) द्वारा अग्रोहा टीले पर उत्खनन का कार्य चलाया जा रहा है। इस कार्य का उद्देश्य इस क्षेत्र की प्राचीन सभ्यता, संस्कृति और ऐतिहासिक महत्व को उजागर करना है। अग्रोहा नगरी को व्यापार और संस्कृति का प्राचीन केंद्र माना जाता है। अग्रवाल समाज इसे अपनी मूल भूमि और महाराजा अग्रसेन को अपना पूर्वज मानता है।

डॉ. कमल गुप्ता ने पुरातत्व विभाग की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि अग्रोहा टीला न सिर्फ अग्रवाल समाज बल्कि पूरे हरियाणा और देश की ऐतिहासिक धरोहर है। यह उत्खनन कार्य न केवल प्राचीन सभ्यता के प्रमाणों को सामने लाएगा, बल्कि क्षेत्र की गौरवशाली विरासत को भी नई पहचान देगा। इससे युवाओं को अपने इतिहास को जानने और समझने का अवसर मिलेगा। पुरातत्व विभाग की ओर से उड़ीसा से नियुक्त डिप्टी सुपरिंटेंडेंट डॉ. अखरीता प्रधान ने आए हुए प्रतिनिधिमंडल को उत्खनन की जानकारी दी। अभी तक के उत्खनन में मानव कंकाल, मनके, प्राचीन ईंटों, सिक्कों, मिट्टी के बर्तन, मूर्तियों और अन्य ऐतिहासिक अवशेष प्राप्त हुए हैं। डॉ.अखरीता प्रधान ने बताया कि उत्खनन कार्य के अगले चरणों में और अधिक गहराई तक खुदाई कर सभ्यता के विभिन्न चरणों की जानकारी प्राप्त की जाएगी। इससे यह प्रमाणित करने में मदद मिलेगी कि अग्रोहा वास्तव में एक प्राचीन नगर था, जिसकी आर्थिक और सांस्कृतिक समृद्धि ने उसे ऐतिहासिक मानचित्र पर विशिष्ट स्थान दिलाया था।

### ये रहे मौजूद

*इस अवसर पर डॉ. प्रतिमा गुप्ता, सुरेश गोयल धूप वाला, रामचंद्र गुप्ता, नरेश सिंगल, सुनील चाय पत्ती वाला, विजय नागपाल, दीनदयाल गोरखपुरिया, मनोज बुडाकिया, महावीर जांगड़ा, कृष्ण बिश्नोई, दीपक अग्रवाल, रंजीव राजपाल, प्रोमिला पुनिया, शंकर गोस्वामी, सतीश, धर्मवीर पानू, राहुल, अनिल कौशिक*

